## खबर संक्षेप

### एल्डरमेनों का मनोनयन समाप्त

**रायगढ़।** राज्य शासन द्वारा कांग्रेस के द्वारा मनोनित पार्षद का मनोनयन समाप्त कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार नगर निगम में 9 मनोनित पार्षदों का मनोनयन सहित जिले सभी नगरीय निकायों के मनोनित पार्षदों का मनोनयन समाप्त करने का आदेश शुक्रवार को नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा जारी किया गया है। ऐसे में आने वाले समय में भाजपा सरकार द्वारा अपने स्तर पर अब पार्षदों का मनोनयन किया जाएगा।

### 100 लीटर शराब सहित 2 आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** साइबर सेल एवं पुसौर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम टपरदा कठली मार्ग पर छापेमार कार्रवाई करते हुए 100 लीटर महुआ शराब सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम टपरदा निवासी रोहित सारथी व जगन्नाथ जांगडे द्वारा मार्ग पर तालाब किनारे महुआ शराब बनाकर उसकी अवैध बिक्री करने तथा शराब को छिपाकर रखा गया है। जब पुलिस टीम रेड करने पहुंची तो पुलिस को देखकर दो व्यक्ति भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये आरोपी रोहितलाल सारथी तथा जगन्नाथ जांगडे दोनों निवासी ग्राम टपरदा थाना पुसौर के कब्जे से 60 और 40 लीटर शराब जुमला 100 लीटर महुआ शराब कीमती 10 हजार रूपये' बरामद कर जब्त किया गया है। आरोपियों पर थाना पुसौर में धारा 34(2) 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### स्कूटी से गिरी युवती इलाज के दौरान मौत

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडसिया निवासी 21 वर्षीय युवती अपने सहेली के साथ स्कूटी से कापू जा रही थी, इसी बीच उसकी स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे उसे चोंट आई, बेहतर उपचार के लिए रायगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार यमुना बंजारा पिता आत्माराम बंजारा उम्र 21 वर्ष निवासी कोडसिया बीते 18 दिसंबर को अपनी सहेली के साथ कपड़ा सिलाने के लिए कापू गई थी। वापसी के दौरान रात करीब 8 बजे रतनपुर के पास उसकी स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे दोनों युवतियों को चोंट आई। ऐसे में उन्हें पत्थलगांव स्थित अस्पताल लाया गया, जहां यमुना की गंभीर स्थिति को देखते हुए रायगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 21 दिसंबर को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### सांसदों के निलंबन के विरोध में प्रदेशव्यापी धरना

**रायगढ़।** इंडी एलाइंस के सांसदों पर लोकसभा में हुई निलंबन की कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस का प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन कर आक्रोश जाहिर किया गया। रायगढ व सारंगढ मे जिला मुख्यालय मे यह धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया जिसमे मौजूद नेताओं ने केन्द्र सरकार पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचलने और तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेताओं ने केन्द्र से लेकर मौजूदा राज्य सरकार पर भी तंज कसा साथ ही भूपेश सरकार की लोकहितैषी योजनाओं को बंद करने के राज्य सरकार के कारनामों को छग की अस्मिता और स्थानीय जनता के साथ भाजपा का छल बताया।

### आंबा केन्द्र में कार्यकर्ता व सहायिका की भर्ती

**पुसौर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना पुसौर द्वारा अपने रिक्त हुए आंगनबाडी केन्द्र में कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की पुर्ति हेतु संबंधित क्षेत्र के योग्य रहवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना जारी की है जिसकी अंतिम तिथि 9 जनवरी 2024 तक कार्यालयीन समय में संबंधित अभ्यर्थी पंजीकृत डाक अथवा सीधे जमा कर सकते हैं वहीं अन्य संबंधित जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## ओपी के मंत्री बनने पर आतिशबाजी, रायगढ़ भाजपा कार्यालय में बंटी मिठाई





■ 20 साल बाद शहर को मिला मंत्री

**रायगढ़।** विधानसभा चुनाव का परिणाम बीते 3 दिसंबर को आने के बाद से लगातार रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी को राज्य सरकार के मंत्रिमंडल में स्थान दिए जाने के कयास लगाए जा रहे थे। इस दौरान गुरुवार को मंत्रिमंडल का गठन होने के साथ ही ओपी चौधरी का नाम सुनकर रायगढ़ विधानसभा के सभी भाजपाई भाजपा कार्यालय में एकत्रित होकर खुशियां मनाते नजर आए। यहां यह बताना जरूरी होगा कि बीते 20 वर्षों से मंत्रिमंडल में रायगढ़ विधायक का कहीं नाम नहीं था। ओपी चौधरी को साय केबिनेट में स्वास्थ्य और शिक्षा मंदिर बनाने की संभावना पार्टी सूत्रों ने की व्यक्त की है।

भारतीय जनता पार्टी रायगढ़ जिला कार्यालय में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री मंडल के विस्तार में रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक ओपी चौधरी को मंत्री मंडल में शामिल किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने जश्न मनाया। मिठाईयों का वितरण किया गया एवं पटाके फोड़े गए। शपथ ग्रहण समारोह की विधि सम्पन्न होने के बाद कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सभापति सुभाष पाण्डेय ने ओपी चौधरी के मंत्री मण्डल में शामिल किए जाने पे बधाई देते हुए कहा कि रायगढ़ के लंबित समस्याओं का सामाधान होगा। छात्रों बेरोजगार युवकों किसानों मजदूरों एवं महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं को गति मिलेगी। उक्त अवसर पर भाजपा कार्यालय में पूर्व सभापति सुभाष पाण्डेय, शीला तिवारी, शोभा शर्मा, अरूण कातोरे सहित सौकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी कार्यकर्ताओं ने ओपी चौधरी को बधाईयां दी एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हाथी की मौत के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



■ हाथी का शव छिपाने की कोशिश कर रहे थे आरोपी

बीते दिनों धरमजयगढ़ वन मंडल के बोरो वन परिक्षेत्र के अंतर्गत एक हाथी का शव पैरावट में मिला। मौके पर जांच के दौरान पाया गया कि इसकी मौत करंट की चपेट में आने से हुई है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, तब आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल करते हुए वन विभाग के अधिकारियों को वारदात के बारे में बताया।

ज्ञात हो कि बीते 20 दिसंबर को बोरो वन परिक्षेत्र के अंतर्गत खम्हार दक्षिण परिसर के जुनापारा बूढ़ा बगीचा नामक स्थान में एक नर हाथी के मृत्यु होने की सूचना मिलने पर तत्काल विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे। जहां मृत हाथी को पैरा से ढक्कर छिपाया गया था। ऐसे में वन अमले को करंट की चपेट में आकर हाथी की मौत होना और इस घटना को छिपाने की कोशिश किए जाने की बात सामने आई। जांच के दौरान भी हाथी के सूढ़ में विद्युत करेंट से जलने का निशान पाए गए थे। वहीं घटना स्थल पर ही खूंटा लगाने का गड्ढा पाया गया था। जिसमे विद्युत करेंट प्रवाहित किया गया था। इस मामले दो संदेहियों केवल पिता शोधराम उम्र 63 वर्ष तथा मोहपाल वल्द साधराम को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपियों से पूछताछ के दौरान उनके द्वारा बताया गया कि उन्होंने अवैध रूप से जीआर तार लगाया हुआ था। जिसमें विद्युत प्रवाहित की गई थी। विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से व्यस्क हाथी की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 02, 09, 39, 49, 50, 51 के तहत अपराध दर्ज किया गया।



फसल बचाने के लिए लगाया करंट
ग्राम बोरो में नर हाथी की मौत

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

## शासन बदलने के बाद विक्रेताओं की तेजी से घटी संख्या

# गोबर खरीदी में आई कमी, 5 हजार कम गौ पालकों ने बेचा गोबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासन के बदलने के बाद गोबर खरीदी में तो कमी दर्ज की गई है, वहीं गोबर विक्रय करने वाले गौ पालकों व किसानों की संख्या में भी कमी दर्ज की है। आंकड़ों की ओर देखें तों 5 हजार विक्रेता घट गए हैं।

ज्ञात हो कि पूर्व कांग्रेस सरकार ने गोधन न्याय योजना की शुरूआत की थी, जिसमें इस योजना के तहत गौपालकों व किसानों को गोबर बेचने के एवज में 2 रूपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से राशि दी जाती है। फिलहाल इस योजना को लेकर अब तक कोई आदेश प्राप्त नहीं हुए हैं। ऐसी स्थिति में गौपालकों सहित विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों में असमंजस्य की स्थिति देखने को मिल रही है। फिलहाल इस योजना में अब भी गोबर की खरीदी जा रही है, हालांकि गौपालकों या किसानों में तथा गोबर की खरीदी में कमी आई है। जानकारी के अनुसार जिले के करीब 14 जगहों में कुल 376 गौठान हैं, जहां गोबर की खरीदी हो रही है।

### 8 करोड़ किलो से अधिक हुई खरीदी

जानकारी के अनुसार जुलाई 2020 से दिसंबर 2023 तक जिले में कुल 8 करोड़ 5 लाख 19 हजार 125 किलोग्राम गोबर की खरीदी हुई। गोबर विक्रेताओं की संख्या की बात करें तो जिले मे करीब 26 हजार 279 विक्रेता हैं, जिन्होनें इस अवधि में गोबर की बिक्री की है।



### फैक्ट फाइल

| विखं. | कुल विक्रेता | सक्रिय विक्रेता |
|---|---|---|
| रायगढ़ | 2730 | 2575 |
| पुसौर | 4024 | 3406 |
| खरसिया | 3273 | 3115 |
| घरघोड़ा | 1417 | 1105 |
| तमनार | 2116 | 1931 |
| लैलूंगा | 4632 | 3053 |
| धरमजयगढ़ | 6941 | 5553 |
| धरमजयगढ़ (नगर) | 330 | 86 |
| लैलूंगा (नगर) | 218 | 75 |
| घरघोड़ा (नगर) | 219 | 45 |

### 21 हजार 253 विक्रेता सक्रिय

इस बारें आंकड़ों की ओर देखें पता चलता है कि कई विकासखंड में विक्रेताओं की संख्या आधे से भी कम हो गई है। जैसे रायगढ़ विकासखंड में 155, पुसौर में 618, खरसिया में 158, तमनार में 185, लैलूंगा में 1 हजार 579 तथा धरमजयगढ़ विकासखंड में 1 हजार 388 विक्रेताओं की संख्या घट गई है।

### इस तरह घटे गौपालक

इसी प्रकार धरमजयगढ नगर में 330 विक्रेताओं में केवल 86, लैलूंगा नगर में 218 में 75, घरघोड़ा नगर में 219 में 45 विक्रेता ही सक्रिय हैं। यानी धरमजयगढ नगर में 244, लैलूंगा नगर में 143, घरघोड़ा नगर में 174 विक्रेताओं की कमी दर्ज की गई है। यह वे स्थान हैं जहां सर्वाधिक व तेजी से विक्रेताओं की संख्या घटी है।

### 16.10 करोड़ से अधिक भुगतान

गोबर खरीदी के एवज में भुगतान की बात करें तो जिले में सक्रिय करीब 373 गौठानों के 21 हजार 253 सक्रिय विक्रेताओं को 8 करोड़ 5 लाख 19 हजार 125 किलोग्राम गोबर के विक्रय के एवज में करीब 16 करोड़ 10 लाख 38 हजार 252 रूपए का भुगतान अब तक किया गया है।



## रायगढ़ कॉलेज आफ फार्मेसी में दो किताबों का अनावरण

■ कैरियर गायडेंस व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन

**रायगढ़।** कॉलेज ऑफ फार्मासी रायगढ़ के लिए दोहरी खुशी का दिन रहा जिसमें रायगढ़ कॉलेज ऑफ फार्मासी के प्रिंसिपल डॉ. डीके प्रधान द्वारा लिखा हुआ डी फार्म का बायो केमिस्ट्री एण्ड क्लिनिक्ल पैथोलाजी किताब का अनावरण व रायगढ़ कॉलेज ऑफ एजुकेशन फार्मासी के प्रिंसिपल हरीश गुप्ता द्वारा लिखा हुआ डी फार्म का फार्मा कोग्नॉसी का किताब का अनावरण हुआ।

प्रधान सर ने बताया कि किताब विद्यार्थियों की पढ़ाई व प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी। हरीश गुप्ता सर ने बताया कि डी. फार्म में 20 से 25 पब्लिकेशन का किताब आ चुका पर रंगीन किताब अभी तक नहीं था इसलिए हमने बहुत सोचकर यह भारत का प्रथम रंगीन किताब डी. फार्मासी के लिए विद्यार्थियों के समक्ष रख रहे है विद्यार्थियों का पढ़ने व जानने के प्रति रुझान अवश्य की बढ़ेगा। इन किताबों के दूसरे लेखक भी जीडी सी संस्था से जुड़े हुए हैं यह संस्था हर विद्यार्थी जिसने कोरोना में अपने पिता को खोया था या इस जिनके पिता किन्ही कारणों से इस दुनियाँ में नहीं है। सबको यह संस्था डी फार्मासी का पूरा किताब का सेट निः शुल्क दी जाएगी।

## शिकायत, कार्रवाई नहीं मोहल्लेवासी पहुंचे थाने



नगरीय वार्ड में मादक पदार्थों की बिक्री से लोग नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगरीय वार्ड में लंबे समय से खुलेआम अवैध शराब, नशीली टेबलेट और इंजेक्शन की बिक्री हो रही है। शिकायत के बाद भी कोतवाली पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। जिससे मोहल्ले का माहौल खराब हो रहा है। अवैध शराब बिक्री पर नपेंगे थानेदार जैसे एसपी के कड़े निर्देश के बाद गुरुवार को आक्रोशित महिलाओं ने कोतवाली का घेराव कर दिया।


दर्जनों की संख्या में कोतवाली पहुंची वार्ड क्रमांक 4 जगतपुर की महिलाओं ने बताया कि उनके मोहल्ले में तीन चार घरों में लंबे समय से खुलेआम महुआ व शराब भट्टी का शराब अवैध रूप से बेचा जा रहा है। जिसके कारण मोहल्ले में कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। रात के समय नशे में धुत्त बाहरी युवा यहां गाली.गलौज व झगड़ा करते रहते हैं। जिससे महिलाओंए युवतियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। सुबह 4 बजे से ही कबाड़ी बिनने वाले शराबी यहां शराब खरीद कर पीने के लिए एकत्रित हो जाते हैं। वहीं शराब सड़क पर बाइक खड़ी कर तमाशा करते हैंए जिन्हें मना करने पर उल्टे बहसबाजी करने लगते हैं। महिलाओं ने बताया कि उक्त जमावड़ा सांई हेरीटेज कालोनी के सामने मोहल्ला में जाने वाली सड़क से अंदर चौक में लोगों घरों तक रहता है। सुबह से आधी रात तक शराबी यहां जमकर उत्पात मचाते हैं किसी के मना करने पर देख लेने की धमकी देते हैं। मोहल्ले में बाहरी व अनजान लड़कों के आने जाने से अनहोनी की आशंका बनी रहती है। फटे साइलेंसर वाले बाइक भी इस मोहल्ले में धड़ल्ले से दौड़ते रहते है।

औराभांठा का मामला जांच में जुटी पुलिस

## पड़ोसी के घर की छत पर मिला पूर्व उपसरपंच का शव, हत्या की आशंका

**रायगढ़।** कोतरा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम औराभांठा निवासी पूर्व उपसरपंच की लाश पड़ोसी के घर की छत पर संदिग्ध अवस्था में बरामद की गई। सूचना मिलने पर पुलिस डॉग स्क्वाड व फोरेसिंक टीम के साथ मौके पर पहुंची, प्रथम दृष्टया हत्या का मामला मान कर पुलिस जांच में जुट गई है। हालांकि इस बारे में अब तक कोई खास सुराग पुलिस के हत्थे नहीं लगे हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से 17 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम औराभाठा में गांव के पूर्व उपसरपंच चंद्रशेखर पटेल पिता महेश पटेल उम्र 45 वर्ष का शव उसके घर से करीब 50 मीटर दूर स्थित उसके पड़ोसी के घर की छत पड़ा हुआ देखा गया। छत पर शव पड़े होने की बात गांव में जंगल आग लगने की तरह फैल गई और कुछ ही मिनट में वहां



ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। इधर सूचना मिलने के बाद कोतरा रोड पुलिस डॉग स्क्वाड व फोरेसिंक टीम के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस मौके पर लोगों से पूछताछ करने के साथ ही कुछ अहम सुरागों को एकत्र करने में लग गई। मृतक रेत के सप्लाई का काम करता था। पुलिस को प्रथम दृष्टया हत्या का मामला मान कर ही जांच कर रही है। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## पराली जलाने की रोकथाम को लेकर पैडी बेलर का प्रदर्शन

**रायगढ़।** निकरा परियोजना अतंर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.बीएस राजपूत के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में निकरा ग्राम नवापारा विकास खण्ड खरसिया में धान के कटाई के बाद पैरा जलाने का प्रचलन हैए जिसके रोकथाम हेतु एक मुहिम चलाते हुए वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को समझाईश दी गयी कि अगर पैरा का उचित प्रबंधन किया जाये तो इसके जलाने से होने वाले दुष्प्रभाव एवं हानि को कम किया जा सकता है एवं उचित प्रबंधन से इसको बहुउपयोगी संसाधन के रूप में



केन्द्र निकरा परियोजन के सहअनुवेषक एवं मृदा वैज्ञानिक डॉ. केडी महंत ने किसानों को कहा पैरा जलाने से कार्बन तत्व की काफी मात्रा जलकर नष्ट हो जाता है साथ ही पैरा जलाने से लगभग 150 उ प यो ग किया जा स क ता है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### भैरव पहाड़ में ...

को विशिष्ट पहचान दिलाने की यह परिकल्पना सर्वेश्वरी समूह के अध्यक्ष संत गुरुपद संभव राम के मार्गदर्शन पर संभाग के वन विभाग के पूर्व सीसीएफ के के बिसेन द्वारा किया गया। संभाग के पूर्व सीसीएफ के विसेन ने चर्चा में बताया कि इस क्षेत्र का प्राकृतिक व आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी विशेष महत्व है।लगभग पांच किलोमीटर इलाके में इस क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय वन समितियों के द्वारा ही विशेष कार्य किया जाएगा। इको लैब को विकसित करने यहां अवैध वनों की कटाई किसी भी रूप में नहीं होगी। जशपुर के डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मनोरा के जंगल में 5 किलोमीटर के जंगल को फेंसिंग करके सुरक्षित किया जा रहा है। पूर्व में बनी ईको लैब की योजना को अमल किया जा रहा है। इस जगह को लेकर लोगों की धार्मिक आस्था जुडी हुई है। इस चरण के बाद यहां के अन्य कार्य भी किये जायेंगे।

### खेल कूद से बच्चों ...

अप रहता है। हर समय जितने के क्रम में खिलाड़ी रहता है। आज खेल का महत्व बढ़ाता ही जा रहा है। खेल के माध्यम से आप अपनी पहचान बना सकते है। जीसस एन्ड मेरी स्कूल तिलंगा में पूरे स्कूल के बच्चों को चार हाउस डीना हाउस, क्लाडिन हाउस, अल्फोंसा हाउस एवं टेरेसा हाउस में रखा गया। इन हाउस के रंग पीला, लाल, हरा एवं नीला दिया गया है जो इनको पहचान भी देता है। साल भर इन हाउस के बीच पढ़ाई, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेल कूद में प्रतियोगिता चलती रहती है। जिससे इन्हें अपनी प्रतिभा निखारने के पूर्ण अवसर मिलता है। जीसस एन्ड मैरी स्कूल की प्राचार्या सिस्टर अनिता ने स्कूल की गतिविधियों एवं विस्तार के विषय पर जानकारी प्रदान की। प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। एवं उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर फादर सत्यवान लकड़ा, फादर अजित लकड़ा, बैंगलोर से आये फादर जोसेफ सुरेश, तिलंगा सरपंच सुशीला एक्का, ग्राम पंचायत सचिव गंगा प्रसाद यादव, जीतू जायसवाल, स्कूल मैनेजर सिस्टर रिबेका, सिस्टर कनिष्का, सिस्टर जैमा केरकेट्टा सिस्टर ग्रेसी पॉल, शाला समिति के सदस्य एवं अभिवावकगण उपस्थित रहे।

### बढ़ी ठंड तो निकायों में जल उठे अलाव

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में बढ़ते ठंड को दृष्टिगत रखते हुए जिले के नगरीय निकायों में अलाव की व्यवस्था की गई है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 7,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर स्पेशल ट्रेन 04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, कलकत्ता
राशि : स्लीपर 12, 500/-, 3 एसी-19,500/-, 2 एसी 25,500/-
ऑफर राशि : स्लीपर 7,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 20,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7247-411411

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।